वित्तीय परिव्यय और परिणाम

वित्तीय परिव्यय और परिणाम

पिछले दो वर्षों के दौरान बजट और व्यय निम्नानुसार हैं:

(करोड़ रु. में)

वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	व्यय	सं.अ. के संबंध में व्यय %
2023-24	642.32@	619.04@	604.9495	97.72
2024-25	922.55@	871.21@	651.19 (दिसंबर, 2024 तक)	74.74

@ कोयला और लिग्नाइट के अन्वेषण की केंद्रीय क्षेत्रक स्कीम के लिए बजट अनुमान 2024–25 में 730 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है और इसे एनएमईटी निधियों (वसूली के माध्यम से) के माध्यम से पूरा किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान; संशोधित अनुमान पर 619.04 करोड़ रु. के आबंटन की तुलना में 604.9495 करोड़ रु. का उपयोग किया गया था। वित्तीय वर्ष 2023–24 में अप्रयुक्त राशि मुख्य रूप से केंद्रीय क्षेत्रक स्कीमों के तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए अनिवार्य प्रावधानों और समग्र बजट आवंटन में कमी के कारण थी।

वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान संशोधित अनुमान चरण में 871.25 करोड़ रुपये के आवंटन की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान निधियों का उपयोग 651.19 करोड़ रुपये (दिसंबर, 2024 तक) था।

वित्त वर्ष 2025–26 के लिए बजट अनुमान में आवंटन रु. 1251.20 करोड़ रखा गया है। इसमें से रु.1172.50 करोड़ केंद्रीय क्षेत्रक स्कीमों के लिए, रु.10.43 करोड़ कोयला खान पेंशन स्कीम (सीएमपीएफओ) के लिए सरकारी अंशदान हेतु तथा शेष रु.68.27 करोड़ सचिवालय (कोयला मंत्रालय), नामनिर्दिष्ट प्राधिकरण, कोयला नियंत्रक संगठन के लिए आवंटित किए गए हैं।

वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए स्कीम/कार्यक्रम–वार आवंटन निम्नानुसार हैं:

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	स्कीम का नाम	राजस्व
1.	स्थापना	68.27
2.	कोयला खान पेंशन स्कीम 1998 (सीएमपीएस–98), सीएमपीएफओ	10.43
3.	अनुसंधान और विकास कार्यक्रम	30.00
4.	कोयला खानों में संरक्षण, सुरक्षा और अवसंरचना का विकास	92.50
5.	कोयला और लिग्नाइट का अन्वेषण (*)	750.00
6.	कोयला गैसीकरण	300.00
	कुल	**1251.20**

नोटः ''कोयला और लिग्नाइट का अन्वेषण'' स्कीम के लिए निर्धारित 750.00 करोड़ रुपए की निधियों को एनएमईटी निधियों से पूरा किया जाएगा।

वित्त वर्ष 2025–26 के लिए कोयला पीएसयू का पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) घटक 22778.31 करोड़ रुपये है, जिसे नीचे दिए गए विवरण के अनुसार आंतरिक और अतिरिक्त बजटीय संसाधनों (आईईबीआर) से प्रदान किया जाना है:

(रुपए करोड़ में)

पीएसयू का नाम	2023–24			2024–25			2025–26
	ब.अ.	सं.अ.	व्यय	ब.अ.	सं.अ.	व्यय (दिसंबर–2024 तक अनंतिम)	ब.अ.
सीआईएल	16500	16500	23475.41	15500	15500	11,329.14*	16000
एनएलसीआईएल	2880	2880	4270.18	2429	4948.86	5246.86	5078.31
एससीसीएल	1650	1650	1704.08	1600	1600	1150.44	1700
कुल	**21030**	**21030**	**29449.67**	**19529**	**22048.86**	**17,726.44**	**22778.31**